# आई टी एल पब्लिक स्कूल
## पूर्व सामयिक परीक्षा 1 (2026-27)
### विषय- हिंदी

दिनांक ः

समय ः **1** घंटा — कक्षाः पंचम

नाम ः ------ — अनुक्रमांक ः ---

सामान्य निर्देश- **1**)इस अभ्यास -पत्र में **2** पृष्ठ , **4** भाग और कुल **7** प्रश्न हैं।
**2**) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
**3**)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क -पठन कौशल | |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । <br><br> सफ़ाई और स्वच्छता दोनों बहुत मिलते -जुलते शब्द हैं।स्वच्छता प्रायः भोजन, जल, फल, सब्ज़ी , मिठाई आदि खाने- पीने के पदार्थों से संबंध रखती है, जबकि सफ़ाई हमारे घरों से , आस -पास के वातावरण से तथा कपड़ों और वस्तुओं आदि से संबंध रखती है। सफ़ाई और स्वच्छता रखना व्यक्ति का न केवल अपने हित के लिए सबसे बड़ा कर्त्तव्य है ,बल्कि समाज और देश के लिए भी इनका भारी महत्त्व है।कुछ वर्षपहले दिल्ली और उसके आस-पास के क्षेत्रों में डेंगू रोग आतंक की तरह फैल गया था।नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर - घर में कूलरों की जाँच का अभियान चलाया गया था और जनता से आग्रह किया गया था कि इस भयानक रोग से बचने के लिए अपने घरों तथा पास-पड़ोस में विशेष सफ़ाईऔर स्वच्छता रखें।स्पष्ट है कि सफ़ाई -स्वच्छता और स्वास्थ्य का परस्पर गहरा संबंध है।गंदगी सभी रोगों की जड़ है।गंदगी से ही हैज़ा, प्लेग, डेंगू आदि बीमारियाँ फैलती हैं। | |
| (अ) | दिल्ली में कौन-सा रोग आतंक की तरह फैल गया था? <br> (क) हैजा (ख)डेंगू (ग) बुखार (घ) पीलिया | |
| (ब) | स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर - घर में किस की जाँच का अभियान चलाया गया था? <br> (क) कूलर (ख) रसोई (ग) ए सी (घ) नालियाँ | |
| (स) | सभी रोगों की जड़ क्या है और इससे कौन- कौन सीबीमारियाँ फैलती हैं? | |
| (द) | हर व्यक्ति का सबसे बड़ा कर्त्तव्य क्या है? | |
| | भाग ख भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए। <br> (क) <u>रोहन</u> को <u>बगीचे</u> की <u>हरियाली</u> बहुत पसंद आई। <br> (ख) सभी <u>पर्वतों</u> की <u>सुंदरता</u> देखकर दंग रह गए। | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाएँ।<br>(क) मित्र (ख)प्यासा | |
| प्रश्न 4 | रेखांकित शब्दों के विलोम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) <u>अवनति</u> करने के लिए दिन- रात काम करना पड़ता है।<br>(ख)<u>नास्तिक</u> लोग ईश्वर में विश्वास रखते हैं। | |
| | भाग ग -साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 5 | दिए गए पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>तू सुख से सोई होगी पर<br>मुझको नींद नहीं आई।<br>परी कथाएँ पढ़ते-पढ़ते<br>बड़ी देर से सो पाई | |
| (क) | यह पंक्तियाँ कौन-सी कविता से ली गई है? | |
| (ख) | इसके कवि कौन हैं? | |
| (ग) | बालिका क्या पढ़ते-पढ़ते सो गई ? | |
| प्रश्न 6<br>(क) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें।<br>क्या राजा को प्रायश्चित करने के बाद सिंहासन पर बैठने का अधिकार मिलना चाहिए था? कारण बताकर स्पष्ट कीजिए। | |
| (ख ) | चौथी मूर्ति सिंहासन के साथ आकाश में क्यों उड़ गई? | |
| | भाग घ -लेखन कौशल | |
| प्रश्न 7 | दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें।<br>पुस्तकालय अथवा हमारा राष्ट्रीय ध्वज | |

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/